
शुभम् भूयात्　　मंगलम् भूयात्　　कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-17 | अंक 06
जून 2024

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन



## सम्पादकीय



गुरु चरणों में निवेदित युवादृष्टि विशेषांक

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्रीजी विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी पुणे, औरंगाबाद, जालना आदि क्षेत्रों को अपनी चरण रज से पावन बनाते हुए सूरत की ओर आगामी चातुर्मास हेतु सतत् गतिमान हैं। दिनांक 17 मई 2024 को परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के 63वें जन्मोत्सव, दिनांक 18 मई 2024 को 15वें पदाभिषेक दिवस एवं दिनांक 22 मई 2024 को 51वें दीक्षा दिवस का भव्य आयोजन जालना में सान्नद संपन्न हुआ। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की दीक्षा के पचास वर्षों की संपन्नता को **आचार्य महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव** की संपन्नता के आयोजन के रूप में चतुर्विध धर्मसंघ ने अत्यंत श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया।

परम पूज्य आचार्य प्रवर के विशेष अनुग्रह के कारण अनेक वर्षो से आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा दिवस को अभातेयुप के तत्वावधान में **'युवा दिवस'** के रूप में समायोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है, जिसके लिये अभातेयुप परिवार कृतज्ञ है। आचार्य महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव की संपन्नता पर 22 मई 2024 को परम पूज्य आचार्य प्रवर के पावन सान्निध्य में युवा दिवस का आयोजन जालना (महाराष्ट्र) में एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में स्थानीय परिषदों द्वारा अभातेयुप के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर अभातेयुप के निर्देशन में शाखा परिषदों द्वारा विविध आध्यात्मिक संकल्प, सुविचारों का शिलालेख, एक शाम महाश्रमण के नाम भक्ति संध्या कार्यक्रम, वीतराग पथ कार्यशालाओं, प्रातःकालीन प्रभात रैली इत्यादि कार्यक्रमों के द्वारा पूज्य प्रवर को श्रद्धा समर्पित की गई।

अभातेयुप द्वारा स्थानीय शाखा परिषदों के लिए स्वीकृत संविधान के नियमानुसार 15 मई से 15 जून तक चुनाव/मनाव के क्रम में प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक शाखा परिषदों ने साधारण सभा आयोजित कर सत्र 2024-25 के लिये चुनाव/मनाव प्रक्रिया सम्पन्न कर ली है एवं अनेक परिषदों की साधारण सभा व चुनाव/मनाव की दिनांक निर्धारित हो चुकी है। मैं उन सभी परिषदों को हार्दिक साधुवाद देता हूं। नये नेतृत्व के प्रति बधाई संप्रेषित करते हुए मंगलकामना करता हूं कि उनका कार्यकाल यशस्वी हो। सभी परिषदों से निवेदन है अभातेयुप से विशेष परिस्थितिवश विस्तारित तिथि प्राप्त परिषदों को छोड़ कर अवशिष्ट सभी परिषदें अभातेयुप के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए 15 जून 2024 तक चुनाव/मनाव प्रक्रिया अवश्य सम्पन्न कर उसकी रिपोर्ट अभातेयुप संगठन मंत्री या लाडनूं कार्यालय को प्रेषित करें। किसी शाखा परिषद् को चुनाव/मनाव के संदर्भ में कोई जिज्ञासा या निर्धारित समय में चुनाव सम्पन्न करवाने में कोई विशेष कठिनाई लग रही हो तो संबंधित शाखा परिषद् के अध्यक्ष, मंत्री या अधिकृत पदाधिकारी अभातेयुप संगठन मंत्री श्री अमित सेठिया से उनके मोबाईल नंबर 9824300012 पर संपर्क कर यथोचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। कृपया सभी परिषदों के निवर्तमान अध्यक्ष, मंत्री एवं वर्तमान अध्यक्ष, मंत्री आपस में बातचीत कर शाखा प्रतिवेदन भी तैयार कर लें एवं 10 जुलाई 2024 तक शाखा प्रभारी को भेजें। शाखा प्रभारी 20 जुलाई 2024 तक अपनी टिप्पणी के साथ लाडनूं कार्यालय को प्रेषित करें।

मई माह में अभातेयुप के निर्देशन/तत्वावधान में शाखा परिषदों द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित हुए जिनकी संक्षिप्त अवगति पाथेक के इस अध्यक्षीय शीर्षक के अंतर्गत एवं विस्तृत अवगति पाथेय के पूरे अंक में प्राप्त हो सकेगी।

**तपोयज्ञ** के अंतर्गत इस सत्र से प्रारंभ किये गये एक नये उपक्रम **'त्यागी थर्सडे'** में मई 2024 तक 1170 साथियों ने जमीकंद का त्याग कर अपनी सहभागिता दर्ज की है।

**जैन संस्कार विधि** के अंतर्गत मई माह में जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि से सम्बन्धित **33 परिषदों** द्वारा **101 कार्यक्रम** देश के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पादित हुए। जनवरी से मई के लीडर बोर्ड के आधार पर मई माह के स्टार परफॉर्मर संस्कारक के रूप में श्री जितेन्द्र घोसल, गांधीनगर-बैंगलोर एवं स्टार परफॉर्मर परिषद के रूप में गांधीनगर, बैंगलोर परिषद के चयन हेतु हार्दिक बधाई।

**भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला** के अंतर्गत मई माह में **तेयुप राजाजीनगर** द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें **80 महानुभावों** की उपस्थिति रही एवं **तेयुप अहमदाबाद** द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें **400 से अधिक महानुभावों** की उपस्थिति रही।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत एमबीडीडी रिद्म का आयोजन चल रहा है। प्रतिमाह एक राज्य में रक्तदान शिविरों के आयोजन के क्रम में मई माह में नॉर्थ ईस्ट की शाखा परिषदों द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ। **अभातेयुप के तत्वावधान में दिनांक 4 मई 2024 को तेयुप इंदौर ने ऐतिहासिक 40 घंटे निरंतर रक्तदान शिविर करके इंडिया एवं एशिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में स्थान प्राप्त किया, जिसमें 1013 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।** अभातेयुप के लिये यह गौरव का प्रसंग है, जिसके लिये तेयुप इंदौर की टीम एवं एमबीडीडी से जुड़े कार्यकर्ता और समस्त रक्तदाता साधुवाद के पात्र हैं।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत मई माह में **तेयुप राजाजीनगर** द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिनमें **30 संभागी** बने।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत मई माह में **तेयुप सरदारपुरा (जोधपुर)** द्वारा मेक योर मार्क कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें **30 से अधिक महानुभावों** की उपस्थिति रही।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत अभातेयुप के निर्देशन में दिनांक 19 मई 2024 को **तेयुप दिल्ली** एवं दिनांक 21 मई 2024 को **तेयुप दोंडाइचा** द्वारा एटीडीसी का शुभारंभ किया गया। अब इन दो नये एटीडीसी के शुभारंभ के साथ देश भर में संचालित एटीडीसी की संख्या 60 हो गई है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित एटीडीसी के अंतर्गत मई माह में **39741 व्यक्तियों** ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

**आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल** के अंतर्गत दिनांक 21 मई 2024 को अभातेयुप के निर्देशन में **तेयुप दोंडाइचा** द्वार गर्ल्स हॉस्टल का शुभारंभ हुआ एवं बॉयज हॉस्टल का भूमि पूजन हुआ।

**आई डोनेशन** के अंतर्गत अप्रैल माह में **27 शाखा परिषदों** द्वारा **55 नेत्रदान** करवाए गए। नेत्रदान करवाने वाली सभी परिषदें, कार्यकर्ता एवं मरणोपरांत नेत्रदान करने वालों के परिवारजन साधुवाद के पात्र हैं।

**वीतराग पथ कार्यशाला** के अंतर्गत मई माह में **तेयुप विजयनगर, तेयुप उत्तर हावड़ा एवं तेयुप चेन्नई** द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**तेरापंथ टास्क फोर्स** के अंतर्गत मई माह में **तेयुप साउथ हावड़ा** द्वारा **फिजिकल मिशन एम्पावरमेंट कार्यशाला** आयोजित की गई।

**युवा वाहिनी** के अंतर्गत मई माह में **11 शाखा परिषदों** के **111 युवाओं** द्वारा आचार्य प्रवर की अणुव्रत यात्रा में एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों में विहाररत साधु-साध्वियों की मार्गसेवा में 5 शाखा परिषदों के युवाओं द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन किया गया।

**प्रकाशन** के अंतर्गत युवा दिवस के अवसर पर युवादृष्टि का विशेषांक **'चमन के बागवां'** और तेरापंथ टाइम्स का विशेषांक प्रकाशित कर श्रीचरणों में समर्पित किया गया।

दिनांक 31 मई 2024 को बैंगलोर में सत्र 2023-25 के प्रबंध मंडल की तृतीय बैठक एवं दिनांक 1-2 जून 2024 को राष्ट्रीय कार्यसमिति की द्वितीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें अभातेयुप के अतीत के कार्यों की समीक्षा व भविष्य में करणीय कार्यों पर चिंतन-मंथन हुआ। विजयनगर परिषद् द्वारा बैठक की सुंदर व्यवस्थाओं व आगंतुक साथियों के आथित्य सत्कार हेतु अध्यक्ष श्री राकेश पोखरना के नेतृत्व में पूरे परिषद परिवार के प्रति हार्दिक आभार ज्ञापित करता हूं। इस बैठक में टीम के काफी साथी अपने व्यक्तिगत कारणों से सहभागिता से वंचित रहे। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठकों में संस्था की गति-प्रगति के संबध में विशेष चर्चा व चिंतन होता है एवं आगामी करणीय कार्यों की रूपरेखा निर्धारित होती है, जिसमें टीम के साथी स्वयं अपना चिंतन रखते हुए निर्णित योजनानुसार संस्था की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहायक बनते हैं। मैं अभातेयुप की राष्ट्रीय कार्यसमिति से जुड़े सभी साथियों से निवेदन करना चाहूंगा कि कार्यसमिति की बैठकों में अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें। देशभर के

हजारों युवकों में से चुनकर 150 युवक अभातेयुप की राष्ट्रीय कार्यसमिति तक पहुंचते हैं। अभातेयुप की राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल होना जहां व्यक्तिगत रूप से गौरव की अनुभूति का विषय है वहीं संस्थागत रूप से गंभीर दायित्व बोध का विषय भी है। इसलिए अपेक्षित है कि सभी टीम के साथी इस गौरव और दायित्व बोध दोनों की अनुभूति निरंतर करते रहें।

अभातेयुप एवं समण संस्कृति संकाय, जैन विश्व भारती के संयुक्त तत्वावधान में आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की कृति **'पुरुषोत्तम महावीर'** पर आधारित **सम्यक दर्शन कार्यशाला-2024** का आयोजन शाखा परिषदों के अंतर्गत दिनांक 31 जुलाई से 14 अगस्त 2024 तक किया जाना है। ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा भी रहेंगी। प्रयास करें कि अधिक से अधिक भाई-बहिनें कार्यशाला में संभागी बनें।

आगामी दिनांक 23 जून से 7 अगस्त 2024 तक पांच अलग-अलग जोन में पांच **दायित्व बोध कार्यशालाओं** का आयोजन होना है, इनमें उस संबंधित जोन की शाखा परिषदों की सहभागिता अवश्य हो, ऐसा प्रयास रहे।

आगामी दिनांक 20-21-22 जुलाई 2024 किशोर मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित है, जिसमें अधिकाधिक किशोर सहभागी बनने का प्रयास करें। दिनांक 21 जुलाई 2024 को मंत्र दीक्षा का आयोजन देशभर में शाखा परिषदों द्वारा किया जाना है। दिनांक 22 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कार्यसमिति की तृतीय बैठक एवं दिनांक 23-24-25 अगस्त 2024 अभातेयुप राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होने हैं। सभी परिषदें और युवा साथी आयोजनों की दिनांक नोट कर अपने-अपने कार्यक्रम निर्धारित करें।

इस सत्र में अभातेयुप और शाखा परिषदों के संवाद सेतु के रूप में सिरियारी कार्यसमिति बैठक में संभाग प्रमुख के नाम से एक नया प्रयोग प्रारंभ किया गया। अभातेयुप द्वारा टीम के 22 साथियों को 360 शाखा परिषदों के लिये अलग-अलग संभाग प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैंगलोर में आयोजित प्रबंध मंडल एवं कार्यसमिति की बैठक में संभाग प्रमुख व्यवस्था को 15 जून 2024 के पश्चात विराम देने एवं 16 जून 2024 से शाखा प्रभारी व्यवस्था पुन: लागू करने का निर्णय लिया गया। सभी संभाग प्रमुख ने इस समयावधि में अच्छा श्रम करते हुए अपने दायित्व निर्वहन का पूर्ण प्रयास किया। मैं सभी संभाग प्रमुखों की सेवाओं, श्रम व सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। शाखा प्रभारीगण की सूची इसी पाथेय में जारी की जा रही है। सभी नवमनोनीत शाखा प्रभारीगण के प्रति मंगलकामना करता हुआ यह अपेक्षा करता हूं कि उनको प्रदत्त शाखाओं के प्रभार का दायित्व वे कुशलता और सक्रियता के साथ निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।

इस प्रकार अभातेयुप के सभी आयाम शाखा परिषदों और युवा साथियों के सहयोग से प्रगति पथ पर अग्रसर हैं। अपेक्षा है कि संगठन के विकास में सभी शाखा परिषदें, युवा साथी और किशोर इसी प्रकार निरंतर सहयोगी बनते रहें।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ-

**नव नियुक्तियाँ**

**क्षेत्रीय सहयोगी**
**श्री राकेश पोकरणा, विजयनगर**
**समिति सदस्य**
**श्री कमलेश गन्ना, राजाजीनगर**
**श्री प्रसन्न धोका, गांधीनगर, बैंगलोर**
**सुमनेश कोठारी, गुवाहाटी**

**सदैव आपकी सेवा में**

Ramesh Daga

**रमेश डागा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## आगामी कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| दायित्व बोध कार्यशालाएं (5 जोन में अलग-अलग) | 23 जून, 30 जून, 7 जुलाई, 28 जुलाई, 07 अगस्त 2024 | |
| 19वां राष्ट्रीय तेरापंथ किशोर मंडल अधिवेशन | 20 से 22 जुलाई 2024 | सूरत |
| मंत्र दीक्षा | 21 जुलाई 2024 | देशभर में |
| अभातेयुप सत्र 2023-25 तृतीय कार्यसमिति बैठक | 22 अगस्त 2024 | सूरत |
| अभातेयुप 58वां राष्ट्रीय अधिवेशन | 23-24-25 अगस्त 2024 | सूरत |
| अभिनव सामायिक | 03 सितम्बर 2024 | देशभर में |
| अभातेयुप षष्टीपूर्ति समापन समारोह | 17 सितम्बर 2024 | सूरत |
| जैन संस्कारक राष्ट्रीय सम्मेलन | 18-19 सितम्बर 2024 | सूरत |

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण abtypsecretary@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के खाते **(Punjab National Bank)** में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं में भिजवाएं।

Account Name: **AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bank Name | : Punjab National Bank | Branch | : Ladnun (Raj.) |
| Account No. | : 10272010002800 | IFSC Code | : PUNB0102710 |

- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

# पुरस्कार/अलंकरण हेतु अर्हताएं/पात्रता मूल्यांकन बिंदु

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् विभिन्न पुरस्कारों एवं संबोधनों से युवकों एवं चयनित प्रतिभाओं को पुरस्कृत करती आ रही है। इस वर्ष भी **युवा गौरव, आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार एवं आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार** के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही हैं। इनकी अर्हताएं निम्न प्रकार हैं:–

### युवा गौरव

1. 35 से 50 वर्ष की आयु के तेरापंथी युवक।
2. तेरापंथ धर्मसंघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण आस्था एवं निष्ठा।
3. पंचशील के प्रति आस्था : 1. श्रद्धाशील, 2. सहनशील, 3. विचारशील, 4. कर्मशील, 5. चरित्रशील।
4. नैतिकता एवं प्रामाणिकता।
5. व्यसनमुक्ति।
6. तेयुप के उद्देश्य सेवा, संस्कार, संगठन की प्राप्ति में सक्रिय सहयोग।
7. तेयुप के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय।
8. अध्यात्म, शिक्षा, कला, विज्ञान, समाज सेवा, व्यवसाय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में विशेष प्रतिभा व योगदान।

### आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार

1. 35 से 60 वर्ष की आयु के पुरुष।
2. तेरापंथ धर्मसंघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण आस्था एवं निष्ठा।
3. नैतिकता एवं प्रामाणिकता।
4. व्यसनमुक्ति।
5. अध्यात्म, शिक्षा, साहित्य, कला, विज्ञान, समाज सेवा, व्यवसाय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में विशेष प्रतिभा व योगदान।

### आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार

1. 45 वर्ष तक की आयु के तेरापंथी युवक।
2. तेरापंथ धर्मसंघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण आस्था एवं निष्ठा।
3. नैतिकता एवं प्रामाणिकता।
4. व्यसनमुक्ति।
5. अध्यात्म, शिक्षा, कला, विज्ञान, संस्कृति, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में विशेष प्रतिभा व योगदान।

सभी शाखा परिषदों से अनुरोध किया जाता है कि आप अपने क्षेत्र से युवा गौरव, आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार एवं आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां दिनांक : 15 अगस्त 2024 तक ईमेल, वाट्सअप एवं कोरियर के द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जा सकेगा सम्पूर्ण परिचय, फोटो व विशेष जानकारी के साथ प्रविष्टियां भेजी जानी चाहिए। प्रविष्टियां निम्नलिखित पते, ईमेल– abtypsecretary@gmail.com अथवा वाट्सअप नम्बर 7004718872 पर प्रेषित करें।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् (केन्द्रीय कार्यालय)
'युवालोक', जैन विश्व भारती परिसर, पोस्ट : लाडनूं–341306, जिला : डीडवाना–कुचामन (राज.), मोबाईल : 8290626767

## अलंकरण/पुरस्कार चयन समितियाँ

### युवा गौरव अलंकरण चयन समिति

श्री अविनाश नाहर | श्री हीरालाल मालू | श्री मूलचंद नाहर | श्री बी. सी. भलावत | श्री पवन मांडोत

### आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार चयन समिति

श्री सुखराज सेठिया | श्री विमल कटारिया | श्री संदीप कोठारी | श्री राजेश सुराणा | श्री जयेश मेहता

### आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार चयन समिति

श्री मर्यादा कुमार कोठारी | श्री गौतमचंद डागा | श्री मुकेश गुगलिया | श्री राजीव सुरणा | श्री भूपेश कोठारी

### शाखा मूल्यांकन समिति

श्री लक्की कोठारी | श्री नरेश सोनी | श्री अमित सेठिया | श्री राजेन्द्र खटेड़

**राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री उपरोक्त सभी चयन समितियों के पदेन सदस्य होंगे।**

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

# 58वां वार्षिक अधिवेशन

दिनांक : 23-24-25 अगस्त 2024, सूरत

## पावन सान्निध्य : आचार्य श्री महाश्रमणजी

**सम्माननीय पदाधिकारीगण/परामर्शकगण/पंचमंडल सदस्यगण/प्रबुद्ध विचारकगण/प्रवृत्ति सलाहकारगण/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगीगण/समिति सदस्यगण/विशेष आमंत्रित महानुभाव**

**सादर जय जिनेन्द्र!**

आपकी कुशलता की कामना के साथ हम गुरु कृपा से सानन्द हैं। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का 58वां वार्षिक अधिवेशन 23-24-25 अगस्त 2024 को परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में सूरत में आयोजित होने जा रहा है।

महानुभाव एवं साथियों, अधिवेशन ऐसा अवसर है जब देश-विदेश की शाखाओं के प्रतिनिधि एक जगह उपस्थित होकर अतीत का लेखा-जोखा एवं भविष्य के कार्यक्रमों हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। आप जागरूक एवं चिंतनशील कार्यकर्ता हैं। आपकी सक्रियता से सारे कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न होंगे, ऐसा विश्वास है।

अधिवेशन की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित आपके सुझाव स्वागतेय हैं। अधिवेशन संबंधित सूचना निम्नलिखित है:-

1. अभातेयुप पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी व समिति सदस्यगण को पंजीकरण करवाना आवश्यक है।
2. दिनांक 05 अगस्त 2024 तक अधिवेशन एवं कार्यसमिति बैठक सशुल्क पंजीयन ₹1,500/- प्रति संभागी, उसके पश्चात् दिनांक 15 अगस्त 2024 तक शुल्क ₹3,500/- प्रति संभागी होगा
3. संभागी अधिवेशन शुल्क जमा करवाने के पश्चात शुल्क पर्ची की छायाप्रति adhiveshan@abtyp.org पर मेल करें। शुल्क अभातेयुप के निम्नलिखित बैंक खाते में जमा करावें:-

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD |
| Bank Name | : | PUNJAB NATIONAL BANK |
| Branch | : | LADNUN (RAJ.) |
| Account No. | : | 10272010002800 |
| IFSC Code | : | PUNB0102710 |

4. अधिवेशन में किसी कारणवश संभागी नहीं पहुंच सके तो पंजीयन शुल्क वापिस नहीं होगा।
5. अधिक जानकारी हेतु संयोजक एवं सहसंयोजक से संपर्क करें:-

| रमेश डागा | जयेश मेहता | अमित सेठिया | अमित नाहटा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | अधिवेशन संयोजक | अधिवेशन सहसंयोजक | महामंत्री |
| | 9825860108 | 9824300012 | |

## अधिवेशन सूचना

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

# 58वां वार्षिक अधिवेशन

दिनांक : 23-24-25 अगस्त 2024, सूरत

## *पावन सान्निध्य : आचार्य श्री महाश्रमणजी*

**सम्माननीय अध्यक्ष/मंत्री महोदय,**

**तेरापंथ युवक परिषद्।**

**सादर जय जिनेन्द्र!**

आपकी कुशलता की कामना के साथ हम गुरु कृपा से सानन्द हैं। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का 58वां वार्षिक अधिवेशन 23-24-25 अगस्त 2024 को परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में सूरत में आयोजित होने जा रहा है।

साथियों, अधिवेशन ऐसा अवसर है जब देश-विदेश की शाखाओं के प्रतिनिधि एक जगह उपस्थित होकर अतीत का लेखा-जोखा एवं भविष्य के कार्यक्रमों हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। आप जागरूक एवं चिंतनशील कार्यकर्ता हैं। आपकी सक्रियता से सारे कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न होंगे, ऐसा विश्वास है।

अधिवेशन की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित आपके सुझाव स्वागतेय हैं। अधिवेशन संबंधित सूचना निम्नलिखित है:-

1. इस वर्ष शाखा परिषद् के पदाधिकारी ही अधिवेशन में संभागी बन सकते हैं।
2. दिनांक 05 अगस्त 2024 तक अधिवेशन सशुल्क पंजीयन ₹1,500/- प्रति संभागी, उसके पश्चात् दिनांक 15 अगस्त 2024 तक शुल्क ₹2,500/- प्रति संभागी होगा।
3. संभागी अधिवेशन शुल्क जमा करवाने के पश्चात शुल्क पर्ची की छायाप्रति **adhiveshan@abtyp.org** पर मेल करें। शुल्क अभातेयुप के निम्नलिखित बैंक खाते में जमा करावें:-

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD |
| Bank Name | : | PUNJAB NATIONAL BANK |
| Branch | : | LADNUN (RAJ.) |
| Account No. | : | 10272010002800 |
| IFSC Code | : | PUNB0102710 |

4. अधिवेशन में किसी कारणवश संभागी नहीं पहुंच सके तो पंजीयन शुल्क वापिस नहीं होगा।
5. अधिक जानकारी हेतु संयोजक एवं सहसंयोजक से संपर्क करें:-

| रमेश डागा | जयेश मेहता | अमित सेठिया | अमित नाहटा |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **अधिवेशन संयोजक** | **अधिवेशन सहसंयोजक** | **महामंत्री** |
| | 9825860108 | 9824300012 | |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **''मैं हूँ सामायिक साधक''** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है।

मैं हूं सामायिक साधक के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से पूरे वर्ष भर चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान से, आओ, हम सब भी जुड़े, सामायिक कर आत्मा का उन्नयन करे। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| राकेश दक, 9916949115 | दीपक श्रीमाल, 9374674694 |

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **''तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ''**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। त्यागी गुरुवार में मई माह तक 1170 साथियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| जितेश पोखरणा, 9001009101 | अमित कांकरिया, 9422092222 |

आचार्य तुलसी ने जैन जीवनशैली को प्रतिपादित करते हुए सम्यक् ज्ञान को मानव जीवन का पथप्रदर्शक कहा है। इसके लिए सुसंस्कारों का प्रशिक्षण नितांत अपेक्षित है। वर्तमान में भौतिकता की चकाचौंध में बच्चों में निषेधात्मक चिंतन उत्तेजना और तिरस्कार के भाव उग्र होते जा रहे हैं, संस्कार लुप्त होते जा रहे हैं। वैधानिक तथ्यों ने इस बात की पुष्टि की है कि 5 से 9 वर्ष की उम्र बच्चों के मानसिक विकास एवं आंतरिक आस्था के जागरण का समय है। ऐसे में आवश्यक है एक ऐसे सूत्र कि जो बचपन में मार्गदर्शन व यौवन में साहस दे सके और वह सूत्र है ''नमस्कार महामंत्र''।


नमस्कार महामंत्र बालक, वृद्ध सबके लिए उपयोगी है। बच्चों को विशेष संस्कार देने के लिए **मंत्र दीक्षा** को एक संस्कार के रूप में प्रतिपादित किया गया है। जिस प्रकार नामकरण, चूड़ाकर्म आदि सोलह संस्कार माने गए हैं, उसी प्रकार आध्यात्मिक संस्कार के लिए यह अनिवार्य है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की सभी शाखा परिषदें प्रतिवर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा के पश्चात प्रथम रविवार को सामूहिक रूप से मंत्र दीक्षा का आयोजन करती हैं। इस वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा दिनांक 21 जुलाई 2024, रविवार को है तो सभी परिषदें मंत्र दीक्षा का आयोजन करें, यह निर्दिष्ट है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| अजीत छाजेड़, 9649714976 | संतोष सेठिया, 9043394568 |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् एवं समण संस्कृति संकाय (जैन विश्व भारती) के संयुक्त तत्त्वावधान में

# सम्यक दर्शन कार्यशाला 2024

परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् एवं समण संस्कृति संकाय-जैन विश्व भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में सम्यक् दर्शन कार्यशाला का आयोजन शाखा परिषदों के माध्यम से करने जा रही है, जिसका प्रारूप निम्न रहेगा-




| | |
|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | : सम्यक दर्शन कार्यशाला-2024 |
| सान्निध्य | : देश-विदेश में चारित्रात्माएं एवं विशेषज्ञ |
| कार्यशाला अवधि | : 31 जुलाई से 14 अगस्त, 2024 |
| स्थानीय आयोजक | : तेरापंथ युवक परिषद् |
| पाठ्यक्रम | : आचार्य महाप्रज्ञ की कृति 'पुरुषोत्तम महावीर' |
| पुस्तक मुल्य | : 100/- प्रति पुस्तक + पोस्टल चार्ज |
| पुस्तक प्राप्ति | : स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद् अथवा अभातेयुप सहप्रभारी 9974078759 अथवा साहित्य विभाग लाडनूं, 8742004849 से संपर्क करें। |

प्रारूप :

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन अध्ययन | : पहला चरण 03 जून से 21 जुलाई, 2024<br>दूसरा चरण 23 जुलाई से 22 अगस्त, 2024 |
| ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन | : 01 से 23 अगस्त, 2024 |
| मॉडल पेपर प्रथम | : 25 अगस्त, 2024, मॉडल पेपर द्वितीय : 27 अगस्त, 2024 |
| फाईनल रिविजन | : 29 अगस्त, 2024 |
| परीक्षा तिथि | : शनिवार, 31 अगस्त, 2024, ऑनलाईन संबोधि एप के माध्यम से |
| ऑनलाईन परीक्षा शुल्क | : 50 रुपये |

भुगतान हेतु QR कोड स्केन करें

**मालचंद बेगानी**
विभागाध्यक्ष
समण संस्कृति संकाय

**मनीष बाफना**
प्रभारी, अभातेयुप
7014522237

**पुखराज डागा**
संयोजक, समण संस्कृति संकाय
9810449960

**पंकज डांगी**
सहप्रभारी, अभातेयुप
9974078759

**राजेश दुगड़**
सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय
9818211799

**स्नेहलता चोरड़िया**
सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय
8089280285

---

**"युवा वाहिनी"** के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक ये अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा मुंबई से प्रस्थान कर सूरत की ओर अग्रसर है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि अणुव्रत यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी को करवावें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:-

**प्रभारी**
बीरेन्द्र संचेती, 9431260358

**सहप्रभारी**
सौरभ भूतोड़िया, 9571637790

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मई माह में पूज्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा

| परिषद् का नाम | राज्य | सेवा के दिन | सदस्य संख्या | किलोमीटर |
|---|---|---|---|---|
| सूरत | गुजरात | 22 | 24 | 245.3 |
| उधना | गुजरात | 9 | 12 | 106.6 |
| औरंगाबाद | महाराष्ट्र | 5 | 15 | 75.6 |
| कोपरखैरणे-मुंबई | महाराष्ट्र | 5 | 15 | 53.1 |
| खारघर-मुंबई | महाराष्ट्र | 5 | 7 | 53.1 |
| ऐरोली-मुंबई | महाराष्ट्र | 5 | 2 | 53.1 |
| घाटकोपर-मुंबई | महाराष्ट्र | 3 | 15 | 40 |
| कामरेज | गुजरात | 3 | 4 | 32.8 |
| सोलापुर | महाराष्ट्र | 3 | 9 | 31.4 |
| बोरिवली-मुंबई | महाराष्ट्र | 3 | 2 | 31.4 |
| पर्वत पाटिया | गुजरात | 3 | 6 | 27.7 |












## मई माह में विभिन्न शाखा परिषदों द्वारा प्राप्त चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा की जानकारी

| परिषद् | चारित्रात्मा | कि.मी. |
|---|---|---|
| तेयुप अहमदाबाद | मुनिश्री डॉ. मदनकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री आकाशकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री मधुस्मिताजी आदि ठाणा, साध्वीश्री हेमरेखाजी आदि ठाणा व साध्वीश्री काव्यलताजी आदि ठाणा | 150 |
| तेयुप बरपेटा रोड़ | मुनिश्री प्रशान्तकुमारजी आदि ठाणा | 70 |
| तेयुप भायंदर | शासनश्री मुनिश्री धर्मरूचिजी आदि ठाणा, मुनिश्री कमलकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री पुनीतकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री जम्बूकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री पीयूषप्रभाजी आदि ठाणा, व साध्वीश्री पुण्ययशाजी आदि ठाणा | 54 |
| उधना | मुनिश्री पारसकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री मुक्तियशाजी आदि ठाणा व साध्वीश्री हिमश्रीजी आदि ठाणा | |
| टी. दासरहल्ली | साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी आदि ठाणा | 20 |












आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका **"सत्कार"** की व्यवस्था "मोबाईल हाऊस" के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 7 दिन हेतु 75,000/- और 15 दिन हेतु 1,25,000 के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |





आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि संघ के हर युवक का विकास हो, संघ का प्रत्येक युवक जैनत्व व तेरापंथ को जाने, अपनी वक्तृत्व शैली को निखारकर श्रेष्ठ वक्ता बने। चारित्रात्माओं के प्रवचन श्रवण एवं उद्बोधनकला से श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, उसी तरह प्रत्येक युवक अपनी वक्तृत्व शैली को उजागर कर संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों को किस तरह जीवन में अंकुरित करें, इस हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)** का आयोजन किया जा रहा है। वाक् कौशल को सुधारने, **STAGE FEAR** को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING** कोर्स का आयोजन भी परिषदें अपने स्तर पर कर सकती हैं। इस आयाम के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था अभातेयुप करेगी। विस्तृत एवं अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| दिनेश मरोठी, 9480048066 | सोनू डागा, 9976967748 |

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मई माह में आयोजित सीपीएस कार्यशालायें





| दिनांक | सान्निध्य |
|---|---|
| 06 से 12 मई 2024 | साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी, साध्वीश्री उदितयशाजी आदि ठाणा |

| अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|
| रमेशजी डागा | धर्मेशजी कोठारी, जिनेशजी जैन, अरविंदजी पोखरणा | राजाजीनगर | 30 |

तेरापंथ युवक परिषद् एक ऐसी निर्माणशाला है जहाँ त्रिआयामी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए हर सदस्य अपने व्यक्तित्व में निरंतर विकास एवं निखार लाता है। युवाओं में व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अभातेयुप ने शाखा परिषदों के माध्यम से **''व्यक्तित्व विकास कार्यशाला''** का आयोजन करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यशालाएं विभिन्न विषयों पर आधारित हो सकती है जैसे आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक, पारिवारिक आदि एवं दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम Who Am I का आयोजन भी किया जा सकता है। किसी भी कार्यक्रम के लिए ट्रेनर/मुख्य वक्ता, विषय की जानकारी या अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| तरीन मेहता, 9893218000 | रूपम पटवा, 9425943543 |

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मई माह तक आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशालायें





| क्र. | दिनांक | कार्यशाला नाम | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 19-05-24 | Make Your Mark | बबीताजी रायसोनी, अखिलजी मारू | सरदारपुरा (जोधपुर) | 33+ |

जीवन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु अभातेयुप द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो एवं संस्कारक तैयार किये जा सके। नवम्बर माह में प्राप्त जानकारी के अनुसार संपादित कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित है। कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु स्थानीय संस्कारकों अथवा राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:–

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| मनीष मालू | अरूण गर्ग | राहुल चेतन बरड़िया | विकास बांठिया |
| 9375865878 | 9068100012 | 9080587415 | 9008988200 |

## मई माह में जैन संस्कार से आयोजित कार्यक्रम

| क्र. | कार्यक्रम | संस्कार | क्र. | कार्यक्रम | संस्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जन्मोत्सव | 32 | 08. | स्मृति सभा | 02 |
| 2. | गृह प्रवेश | 20 | 09. | शपथ ग्रहण | 01 |
| 3. | शुभारम्भ | 18 | 10. | अंतिम संस्कार | 04 |
| 4. | सामूहिक जन्मोत्सव/वैवाहिक वर्षगांठ | 06 | 11. | सगाई | 01 |
| 5. | विवाह | 03 | 12. | संथारा सहित अंतिम संस्कार | 01 |
| 6. | नामकरण | 07 | 13. | तप संपूर्ति | 04 |
| 7. | हीरक/स्वर्ण जयंती | 02 | | कुल | 101 |

| Parishad / Non Parishad Name | नामकरण संस्कार | जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ संस्कार | सामूहिक जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ | हीरक/स्वर्ण/रजत जयंती | गृह प्रवेश संस्कार | शुभारंभ संस्कार | सगाई संस्कार | विवाह संस्कार | शपथ विधि संस्कार | तप अनुष्ठान संपूर्ति | अंतिम संस्कार विधि | संथारा साधक अंतिम संस्कार | स्मृति सभा | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ahmedabad | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Amraiwadi Odhav | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Bhayandar-Mumbai | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Boisar-Mumbai | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Chennai | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Delhi | 1 | 2 | 1 | 0 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 11 |
| Gandhinagar-Bangalore | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| Gangashahar | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 8 |
| Guwahati | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| HBST Hanumanthnagar | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Hyderabad | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| Jaipur | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| K. G. F. | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Kantabanji | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Kokrajhar | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Murshidabad | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Parvat Patiya | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| Pune | 0 | 15 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 18 |
| Purvanchal - Kolkata | 0 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| Raipur | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Rajarajeshwari Nagar | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| South Howrah | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Surat | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| T. Dasarhalli | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| Thane-Mumbai | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Udaipur | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| Udasar | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Udhna | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| Vapi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Vasai Road-Mumbai | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Vijaynagar | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Yashwantpur | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Ghatkoper | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Aasan | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Total | 7 | 32 | 6 | 2 | 20 | 18 | 1 | 3 | 1 | 4 | 4 | 1 | 2 | 101 |


















अभातेयुप द्वारा समाज के युवा वर्ग के लिए एक महनीय आयाम है **"फिट युवा हिट युवा"**। समाज के 15 वर्ष से 45 वर्ष के किशोरों एवं युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दृष्टिंगत रखते हुए यह आयाम प्रस्तुत किया गया है। यदि किशोर एवं युवा स्वस्थ हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ बन सकेगा और हम स्वस्थ भारत की परिकल्पना की ओर अपने कदम बढ़ा सकेंगे। स्वस्थ होने से तात्पर्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है, वरन मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से भी है। फिट युवा हिट युवा मिशन समाज के हर युवा के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के निर्माण में सहयोगी बन सकेगा, ऐसा विश्वास है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| पवन नौलखा, 8567066061 | अंकुर लुणिया, 9007283624 | सिद्धार्थ चोरड़िया, 7779973802 |

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री भिक्षु के सिद्धांतों, विचारों एव जीवन दर्शन को जानने व समझने की दृष्टि से इस सत्र अभातेयुप के अंतर्गत **"भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला"** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन करें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| दीपक रांका, 9879139851 | सूर्यप्रकाश डागा, 9433002831 |

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मई माह में आयोजित भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशालायें





| क्र. | दिनांक | सान्निध्य | अध्यक्षता | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | 12-05-24 | साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी एवं साध्वीश्री उदितयशाजी आदि ठाणा | रमेशजी डागा | राजाजीनगर | 80 |





| क्र. | दिनांक | सान्निध्य | अध्यक्षता | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | 26-05-24 | मुनिश्री मुनिसुव्रतकुमारजी आदि ठाणा 3 एवं मुनिश्री डॉ. मदनकुमारजी आदि ठाणा | जयेशजी मेहता | अहमदाबाद | 400+ |

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

